देश और दुनियां के लोगों को बीकानेर में बुलाने की तैयारी

- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल और कोच्ची में होने वाला कोच्ची फिनाले की तरह बीकानेर फेस्टिवल को लेकर एक बड़े आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। ये आयोजन सरकार नहीं बल्कि बीकानेर के बिजनेस टायकून मिलकर करेंगे
- बीकानेर के प्रमुख लोगों के साथ पहले चरण की बातचीत हो गई है

बीकानेर, (कासं)। स्वीटजरलैंड के देवास में होने वाला वर्ल्ड इकोनोमिक फॉर्म, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल और कोच्ची में होने वाला कोच्ची फिनाले की तरह बीकानेर में भी एक बड़े आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। ये आयोजन सरकार नहीं बल्कि बीकानेर के बिजनेस टायकून मिलकर करेंगे। बीकानेर के प्रमुख लोगों के साथ पहले चरण की बातचीत हो गई है।

अगले कुछ महीनों में इसकी तारीख की घोषणा की जायेगी। इससे पहले सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को जोड़ने का प्रयास होगा। बीकानेर की 'ऑवर फॉर नेशन' संस्था के प्रयास से लालगढ़ पैलेस में पहले दौर की मीटिंग में आयोजन पर कई बड़ी व्यावसायिक हस्तियों ने सकारात्मक रूझान दिखाया है।

लालगढ़ पैलेस में आयोजित इस 'संवाद' कार्यक्रम में डिजाइन प्रोफेशनल सुधीर शर्मा ने बताया कि बीकानेर फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बीकानेर की संस्कृति, व्यापारिक क्षमताओं के साथ ही स्थानीय लोगों के हुनर को स्थान देने का प्रयास किया जायेगा। आयोजन की तारीख अभी तय नहीं है लेकिन स्थानीय लोगों से कुछ चरणों की बातचीत के बाद तारीख तय होगी।

शर्मा ने बताया कि वर्ल्ड इकोनोमिक फॉर्म, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल और कोच्ची फिनाले का मिश्रण बीकानेर फेस्टिवल होगा। शर्मा ने बताया कि इसका ग्राउंड वर्क करने में करीब तीन साल लग सकते हैं। स्थानीय व्यापारियों ने इसे सपोर्ट करने का आश्वासन दिया है। जल्दी ही इसमें सरकार और गैर सरकारी संस्थाओं को जोड़ने का प्रयास होगा। शर्मा ने बताया कि पहले बीकानेर फेस्टिवल में तीस हजार लोगों को बीकानेर में लाने का प्रयास किया जायेगा। दूसरे और तीसरे आयोजन में एक लाख से ज्यादा लोगों को बीकानेर लाया जायेगा। हर साल एक ही तारीख होगी ताकि लोग अपने टिकट बुक कर लें। तब तक बीकानेर के होटल्स स्वयं को तैयार करें।

बीकानेर में भुजिया व्यवसायी आशीष अग्रवाल का कहना है कि बीकानेर फेस्टिवल में सिर्फ लिटरेचर की बात नहीं करेंगे बल्कि इंडस्ट्री पर चर्चा करेंगे। एनर्जी, मिनरल्स और फूड के क्षेत्र में बीकानेर बहुत कुछ कर रहा है। हम तीनों ही क्षेत्रों में आगे हैं। हम चाहते हैं कि दुनियां भर के उद्यमी बीकानेर आएं और यहां पर अपने प्लांट्स के लिए संभावनाएं जताएं।

ये एक स्वयंसेवी संस्था है, जिसके माध्यम से बीकानेर में हर प्रोफेशनल्स सफाई का काम करते हैं। अलग- अलग प्वाइंट्स पर पहुंचकर सफाई करने के साथ ही स्वच्छता का संदेश देते हैं। पिछले कई साल से ऑवर फॉर नेशन सीए सुधीश शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता का काम कर रहा है। अब ये ही संस्था बीकानेर फेस्टिवल की परिकल्पना कर रही है। ऑवर फॉर नेशन की ओर से आयोजित संवाद कार्यक्रम में भीखाराम चांदमल के आशीष अग्रवाल, बीकाजी के एम.डी. दीपक अग्रवाल, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कोटा की कुलगुरू डॉ. विमला डुकवाल, डॉ. परमेन्द्र सिरोही, डॉ. पी.एस. बोहरा ने बीकानेर से जुड़े कई मुद्दों पर अपनी बात कही। कार्यक्रम में वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलगुरू सुमंत व्यास, महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के कुलगुरू मनोज दीक्षित, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पुरोहित सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

खाली प्लाटों पर कब्जे का प्रयास

नोखा, (कासं)। नोखा में खाली प्लाटों पर अवैध कब्जे रोकने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। 30 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

मनीराम बिश्नोई ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रामसिंह और भरत सिंह सहित 30-35 लोगों ने जगदीश प्रसाद बागड़ी की बाबा छोटूनाथ नगर कॉलोनी के खाली भूखण्डों पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया।

मनीराम बिश्लोई जो जगदीश प्रसाद बागड़ी की संपत्ति की देखरेख करते हैं ने बताया कि 8 दिसम्बर को सुबह करीब 9 बजे कॉलोनी के चौकीदार भगवंत सिंह ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि कुछ लोग गाड़ियों में लाठियां और सरिए लेकर व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में पट्टियां भरकर कॉलोनी में घुस रहे थे।

मनीराम बिश्नोई मौके पर पहुंचे तो उन्होंने प्लॉट नंबर 160, 217, 218, 225, 194, 195 पर करीब 40-45 लोगों को खड़ा पाया। पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्हें रामसिंह ने बुलाया है और वे प्लॉट पर पट्टियां लगाकर कब्जा करेंगे। मनीराम ने उन्हें बताया कि इन प्लॉटों की रजिस्ट्री नहीं है और वे अवैध कब्जा नहीं करने देंगे।

रोजगार सहायता शिविर 17 को

बीकानेर, (कासं)। जिला प्रशासन के निर्देशन में उप-क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा 17 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से एम. एम. ग्राउण्ड में आयोजित किये जाने वाले एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शिविर में रिक्त पदों पर भर्ती हेतु अब तक छब्बीस प्रतिष्ठित नियोजकों द्वारा सहमति दी जा चुकी है। इन नियोजकों द्वारा प्रबंधन, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल, लिपिक, बीमा, तकनीकी स्टाफ, फाइनेंस, ऑटोमोबाइल, ज्वैलरी, सोलर, एज्युकेशन, सहायता व सुविधा स्टाफ तथा सेल्स इत्यादि से सम्बन्धित लगभग दो हजार रिक्तियां प्राप्त हो चुकी हैं।

शिविर में भाग लेने हेतु योग्य आशार्थियों को विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों, सोशल मीडिया, समाचार पत्र, एस.एम.एस एवं विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में क्यू. आर. कोड लगाकर अधिकाधिक पंजीयन करवाया जा रहा है। अब तक लगभग एक हजार प्रार्थियों ने शिविर में भाग लेने हेतु अपना ऑनलाइन पंजीयन करवा लिया है। रोजगार विभाग के उप-निदेशक हरगोबिन्द मित्तल ने बताया कि शिविरों का बेरोजगारों एवं नियोजकों को लाभ उठाना चाहिए।

सार-समाचार

जायरीनों का पहला जत्था रवाना

बीकानेर, (कासं)। अजमेर उर्स में शिरकत करने हेतु ख्वाजा हिंद के राजा एकता कमेटी के तत्वावधान में 211 पैदल जायरीनों का जत्था आज पठानों की मस्जिद, फड़ बाजार क्षेत्र से विधिवत रूप से रवाना हुआ। प्रस्थान से पूर्व जायरीनों ने पूरे उत्साह के साथ नारे लगाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल जादुसंगत ने जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कमेटी के सदर इश्तियाक अहमद नागौरी एवं उप सदर अफरीदी पठान ने बताया कि पैदल यात्रा के दौरान जायरीनों के ठहराव, भोजन, स्नान तथा चिकित्सा सेवा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं ख्वाजा हिंद के राजा एकता कमेटी द्वारा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। कमेटी के कोषाध्यक्ष गुलाम जिलानी ने जानकारी दी कि यह जत्था बीकानेर से पलाना, देशनोक, श्रीबालाजी, नागौर एवं मेड़ता सिटी होते हुए अजमेर शरीफ पहुँचेगा। यात्रा के सुचारु संचालन हेतु सेवादारों का एक दल भी साथ रवाना हुआ है। सेवादारों में प्रमुख रूप से फिरोज भिस्ती, बिल्लू पठान, रेहान खान, पवन खुडिया, कायम पठान, आदम शाह, शब्बीर पडिहार, सद्दाम गौरी, हाजी सलीम, जावेद भुट्टा, खादिन, खालिद, बबलू खोखर, राजू भाई, महबूब पठान, कंपोडर इमरान, गौरू धातक, आफरीन पठान सहित अन्य सेवादार मौजूद थे। जायरीनों ने नारे लगाते हुए अजमेर शरीफ की ओर प्रस्थान किया।

रस्साकसी में निकिता टीम विजेता

बीकानेर, (कासं)। डिजिटल युग में शारीरिक गतिविधियां तन को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज जैन गर्ल्स कॉलेज में सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह का आगाज़ हुआ।प्राचार्य डॉ संध्या सक्सेना ने शिक्षा के साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक विकास पर बल देने की बात कही। खेल प्रभारी अरूण सक्सेना ने बताया कि आज हुए विभिन्न खेलों में रस्साकसी में निकिता की टीम विजेता रही। तीन टांग दौड़ में कीर्ति और गंगा विजयी रही।लंबी कूद में दीक्षा,राधिका और हर्षिता ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में जान्हवी सेवग प्रथम,दीक्षा स्वामी द्वितीय और खुशबू शर्मा तृतीय स्थान पर रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता हिमांशी एंड टीम रही। सभी प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। सभी संकाय सदस्यों ने आज प्रतियोगिताओं को अनुशासित तरीके से पूर्ण कराने में सहयोग दिया।

किसानों को यूरिया के कट्टे बांटे

लूणकरनसर, (कासं)। रबी फसलों के लिए यूरिया खाद की किल्लत के कारण किसान परेशान हैं। इस बीच लूणकरनसर में कृषि विभाग ने पुलिस जाब्ते के साथ 2000 से अधिक किसानों को यूरिया खाद के टोकन वितरित किए। किसानों को तीन-तीन थैलों के हिसाब से यूरिया के टोकन दिए गए। कुल 2040 किसानों को ये टोकन जारी किए गए। कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि लूणकरनसर कस्बे में इफको कंपनी के लगभग 3800 यूरिया के थैले सहकारी समितियों में पहुंचे हैं। इसके अतिरिक्त दो निजी दुकानदारों के पास भी दो ट्रक खाद पहुंची है। यूरिया खाद के टोकन लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लूणकरनसर थानाधिकारी गणेश कुमार बिश्नोई स्वयं दर्जन भर जवानों और अधिकारियों के साथ मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने पंचायत समिति परिसर और कृषि विभाग कार्यालय में लाइन लगवाकर किसानों को टोकन बंटवाए।

युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

जसरासर, (निसं)। अणखीसर गांव में एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दिनेश पुत्र प्रहलाद राम जाट के रूप में हुई है। यह घटना गांव से लगभग तीन किलोमीटर उत्तर दिशा में नीबलाई नाड़ी पक्की सड़क पर स्थित एक खेत में बनी झोपड़ी में हुई। घटना के बाद शव को नोखा के बागड़ी अस्पताल लाया गया, जहां उसका पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान नोखा पुलिस भी अस्पताल में मौजूद रही। अणखीसर सरपंच प्रतिनिधि देवकिशन कुलडिया ने बताया कि घटना के समय मृतक के पिता खेत में काम कर रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

पी.बी.एम. में मरीजों को बैड पर ही मिलेगी ईसीजी जांच की सुविधा

बीकानेर, (कासं)। संभाग के सबसे बड़े पीबीएम हॉस्पिटल में ईसीजी जांच की सुविधा अब मरीजों को बैड पर ही उपलब्ध होगी। पहली बार ईसीजी मशीन के टेंडर में एनएबीएल सर्टिफाइड फर्म की एंट्री हुई है। फर्म को सोमवार से काम शुरू करने के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं। पीबीएम हॉस्पिटल में इमरजेंसी, ओपीडी या आईपीडी के मरीजों को ईसीजी जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और न ही टैक्नीशियन का लम्बा इंतजार करना होगा।

दीवार पर लगे क्यूआर कोड स्कैन करने या हेल्पलाइन नंबर डायल करने के कुछ ही देर में टैक्नीशियन मशीन सहित आकर बैड पर ही मरीज़ की जांच करेगा और हाथों हाथ रिपोर्ट थमा देगा। इससे मरीज़ को तत्काल उचित उपचार देने में काफी मदद मिलेगी। ईसीजी मशीन विद टैक्नीशियन का टेंडर इस बार डॉ. बोथरा डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर को मिला है।

टेंडर शर्तों के तहत यह फर्म एनएबीएल सर्टिफाइड है। गौरतलब है कि इस टेंडर को लेकर काफी विवाद हुआ था। एस पी एम सी प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने अधीक्षक रहते हुए यह टेंडर लगाया था। उन्होंने एनएबीएल सर्टिफाइड फर्म होने की शर्त भी रखी, लेकिन एक अपील के दबाव में 1.20 करोड़ का यह टेंडर निरस्त कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ दूसरी फर्म ने चिकित्सा आयुक्त के समक्ष अपील की, जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने एनएबीएल सर्टिफाइड फर्म के पक्ष में निर्णय दिया। पीबीएम हॉस्पिटल में पहली बार ईसीजी मशीनों के लिए स्टेशन बनाया जायेगा। इसके लिए अधीक्षक से अलग कक्ष मांगा गया है। इस कक्ष में 24 घंटे मशीन और टैक्नीशियन की सुविधा रहेगी।

भामाशाहों ने स्कूल में खेल सामग्री दी

नोखा, (कासं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उत्तरादी ढाणियां बिलनियासर में सोमवार को प्रधानाध्यापक रामकिशन गोदारा के मार्गदर्शन में विभिन्न भामाशाहों ने विद्यालय को खेल सामग्री प्रदान की। यह सामग्री विशेष रूप से जूडो खेल और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए थी।

भामाशाह अशोक स्वामी मिस्त्री कातर छोटी ने जूडो खेल के लिए छह गद्दे दान किए। इसके अलावा रामेश्वर दास पुजारी ने चार गद्दे, इमरताराम साऊ ने एक बड़ी दरी और शिक्षिका सरोज बिश्नोई ने जूडो किट विद्यालय को प्रदान की। इस अवसर पर पीईईओ अमर सिंह ने कहा कि विद्या के मंदिर में दिया गया दान सबसे बड़ा धर्म है। व्याख्याता भंवरलाल मेघवाल ने बताया कि जूडो खेल सामग्री से बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

मेघवाल ने सभी भामाशाहों का धन्यवाद कर भविष्य में भी विद्यालय को सहयोग करते रहने की अपील की। इस कार्यक्रम में शिक्षिका सरोज बिश्नोई, किरण बाला, शिक्षक मुकेश कुमार चौधरी, महेन्द्र सिंह, धर्माराम डूकिया, शारीरिक शिक्षक लेखराम तरड, कुक कम हेल्पर मुन्नी कंवर और रामेति सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

गौ सेवा कर मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया

- नोखा, पांचू और हिमटसर व देशनोक की गौशालाओं में गौमाता की पूजा कर गुड़ और खल-दलिया खिलाकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की गई

नोखा,(कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन जिलेभर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेवा और आस्था के भाव के साथ मनाया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई के नेतृत्व में नोखा क्षेत्र के पांचू कस्बे स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां कार्यकर्ताओं ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर उन्हें गुड़ और खल-दलिया खिलाया।

कार्यक्रम के दौरान बिहारीलाल बिश्नोई ने कहा कि गौमाता की सेवा से उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राजस्थान निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। बिश्नोई ने कार्यकर्ताओं से समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय रहने का आव्हान किया।

पांचू में आयोजित कार्यक्रम में गौसेवी रामकिशन राठी, मंडल अध्यक्ष मस्तानाराम पूनिया, ओमप्रकाश सुथार, रामदयाल मेघवाल, सरपंच रूपाराम सियाग, जेठमल डागा, अर्जुन महाराज, मोहन सियाग, छगन सुथार और मूलाराम मेघवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

चहेतों को यूरिया खाद बांटने का आरोप

- कुम्हारवाला समिति व्यवस्थापक पर चहेतों को यूरिया बांटने का आरोप
- वितरण में धांधली से अधिकांश किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा

पूगल, (कासं)। पूगल में स्थित कुम्हारवाला ग्राम सेवा सहकारी समिति में यूरिया खाद के 600 बैग पहुंचे। यूरिया की कमी के चलते किसान सुबह से ही लाइन में लगे थे। हालांकि वितरण व्यवस्था में कथित धांधली के कारण अधिकांश किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

लाइन में खड़े किसानों ने आरोप लगाया कि समिति के व्यवस्थापक की मिलीभगत से कुछ किसानों को 10 से 15 कट्टे यूरिया खाद दी गई। वहीं कई अन्य किसानों को केवल 2 कट्टे ही मिल पाए। किसानों के अनुसार उनका नंबर आने पर गोदाम का गेट बंद कर दिया गया और उन्हें यूरिया खाद खत्म होने की जानकारी दी गई।

आरोप है कि व्यवस्थापक ने अपने चहेते लोगों को यूरिया वितरित कर दिया। इस कथित अनुचित वितरण के कारण कई किसानों को बिना खाद के वापस लौटना पड़ा।

किसानों ने बताया कि मौके पर उनकी शिकायत सुनने वाला कोई मौजूद नहीं था। दूसरी ओर समिति के व्यवस्थापक ने इन आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध यूरिया बैग के अनुसार ही किसानों को खाद वितरित की गई थी।

मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत

बीकानेर, (कासं)। युवक के अपहरण और मारपीट के मामले ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। 29 नवम्बर को बोलेरो कैम्पर में आये थे बदमाश, अगवा कर बुरी तरह पीटा। रातभर मारपीट के बाद सुबह युवक को बेहोशी की हालत में रोही में फेंक दिया और फरार हो गए।

युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं और एक महिला को साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। 29 नवम्बर की रात देशनोक थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर यह सनसनीखेज वारदात हुई थी। लक्ष्मीनारायण सियाग निवासी पांचू ने देशनोक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई अशोक सियाग देशनोक में शिवजी मंदिर के पास प्रसाद और नमकीन की दुकान करता है। रिपोर्ट के अनुसार 29 नवम्बर की रात करीब सवा नौ बजे नरसीराम, जगदीश पुत्र केशुराम गोदारा, ओमप्रकाश गोदारा, सीताराम, गोपाल और हरी सारण बोलेरो कैम्पर में आये और अशोक पर हमला कर दिया।

आरोपियों ने अशोक का अपहरण कर उसे जबरन अपने साथ ले गए। आरोपियों ने अशोक को पूरी रात बंधक बनाए रखा और उसे गोपाल सिराण की ढाणी, चिताणा गांव (नोखा) ले गए। वहां अशोक के साथ लोहे की रॉड, लाठियों और सरियों से बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई।

रातभर मारपीट के बाद सुबह करीब छह बजे आरोपियों ने अशोक को बेहोशी की हालत में चिताणा गांव की रोही में फेंक दिया और फरार हो गए। राहगीरों ने घायल अवस्था में पड़े अशोक को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने अशोक को देशनोक अस्पताल पहुंचाया। होश में आने के बाद अशोक ने पुलिस को आपबीती बताई। उसका इलाज चल रहा था।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/Rajkaj Ref. No. 4978 दिनांक : 15.12.2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 67 के किला नं. 4 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0"गुणा 40'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री साहिल आहुजा पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 216 ए सेतिया फार्म गली नं. 07 नजदीक गणेश मन्दिर रोड श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री साहिल आहुजा पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 216 ए सेतिया फार्म गली नं. 07 नजदीक गणेश मन्दिर रोड श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 67 के किला नं. 4 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0" गुणा 40'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4961 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक : 10.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पुरूषोतम नागपाल पुत्र श्री बनवारी लाल नागपाल निवासी 17, सिद्धि-विनायक, एल-19, आनंद विहार, शिव नगर, श्रीगंगानगर एवं श्रीमती विजय लक्ष्मी नागपाल पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी म.नं. 328, अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 45 किला नं. 19,22 में माप 32.6 इंटू 60 फीट भू.सं. एन-07 आनंद विहार, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 7083 दिनांक 30.6.2009 को श्रीमती प्रमोद बब्बर पत्नी श्री विजय बब्बर के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री पुरूषोतम नागपाल द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.11.2025 की प्रति प्रस्तुत कर भूखंड के नामान्तरण हेतु न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री पुरूषोतम नागपाल पुत्र श्री बनवारी लाल नागपाल निवासी 17, सिद्धि-विनायक, एल-19, आनंद विहार, शिव नगर, श्रीगंगानगर एवं श्रीमती विजय लक्ष्मी नागपाल पत्नी श्री पुरूषोतम नागपाल निवासी म.नं. 328, अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1018 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन/2025 विज्ञप्ति दिनांक : 10-12-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 16 किला नं. 5, 6 में भूखण्ड माप 311.12 वर्गगज भूमि (40 गुणा 70 फीट) का उपखण्डधिकारी (भू.रू.), श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा संख्या 944/90 दिनांक 27.03.1990 द्वारा श्रीमती सुरेन्द्र कौर पत्नी श्री महिन्द्र सिंह के नाम से जारी है। उक्त मूल आवासीय भूखण्ड में से माप 20 गुणा 70 फीट (उत्तरी हिस्सा) श्री नत्था सिंह पुत्र श्री जगरूप सिंह निवासी मकान नं. 529, बाबा रामदेव मंदिर के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर एवं माप 20 गुणा 70 फीट (दक्षिणी हिस्सा) श्री भगवान पुत्र श्री बलराम द्वारा जरिये रजिस्ट्री क्रय कर नियमानुसार आवेदन उपरान्त न्यास कार्यालय आदेश क्रमांक नियोजन/2024/1828-1830 दिनांक 19.12.2024 द्वारा उपविभाजन आदेश जारी है। उक्तानुसार भूखण्ड संख्या 38 - PART-A क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट का नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त ऑनलाईन नामान्तरण आदेश क्रमांक SGNR/FY24-25/MUT/1339 दिनांक 27.03.2025 द्वारा श्री भगवान पुत्र श्री बलराम निवासी गाँव अलमगढ़, अबोहर, जिला फाजिल्का (पंजाब) के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान एवं 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि)/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान / जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनों ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। उक्तानुसार भूखण्ड संख्या 38 - PART-B क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान एवं 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि)/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनों ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमीटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड संख्या 38 - PART-B क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट का आवासीय से वाणिज्यिक (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। RajKaj Ref No.: 19285015 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन/2025 विज्ञप्ति दिनांक : 10-12-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 16 किला नं. 5, 6 में भूखण्ड माप 311.12 वर्गगज भूमि (40 गुणा 70 फीट) का उपखण्डधिकारी (भू.रू.), श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा संख्या 944/90 दिनांक 27.03.1990 द्वारा श्रीमती सुरेन्द्र कौर पत्नी श्री महिन्द्र सिंह के नाम से जारी है। उक्त मूल आवासीय भूखण्ड में से माप 20 गुणा 70 फीट (उत्तरी हिस्सा) श्री नत्था सिंह पुत्र श्री जगरूप सिंह एवं माप 20 गुणा 70 फीट (दक्षिणी हिस्सा) श्री भगवान पुत्र श्री बलराम द्वारा जरिये रजिस्ट्री क्रय कर नियमानुसार आवेदन उपरान्त न्यास कार्यालय आदेश क्रमांक नियोजन/2024/1828-1830 दिनांक 19.12.2024 द्वारा उपविभाजन आदेश जारी है। उक्तानुसार भूखण्ड संख्या 38 - PART-B क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट का नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त ऑनलाईन नामान्तरण आदेश क्रमांक SGNR/FY24-25/MUT /1338 दिनांक 27.03.2025 द्वारा श्री नत्था सिंह पुत्र श्री जगरूप सिंह निवासी मकान नं. 529, बाबा रामदेव मंदिर के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर (राजस्थान) के नाम से नामान्तरण आदेश जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान एवं 2017 - 2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रश्नगत क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि)/2020 दिनांक 14